# अजमेर में ज्वैलरी शोरूम से पचास लाख के जेवर व पांच लाख की नकदी चोरी

## चोरों ने करीब एक घंटे में यह वारदात उस समय अंजाम दी, जब क्षेत्र की लाइट बंद पड़ी थी, जिससे चोरों की यह कारस्तानी सीसीटीवी में कैद नहीं हो पाई

**अजमेर,** (निसं)। क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र के वैशाली नगर मुख्य पर स्थित 'सोना की खान' के नाम से संचालित सोने-चांदी के जेवरात दुकान के शोरूम पर अज्ञात चोरों द्वारा वारदात को अंजाम देकर करीब 50 लाख के सोने-चांदी के जेवरात समेत 5 लाख रुपए की नकदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए। चोरों ने करीब एक घंटे में यह वारदात उस समय अंजाम दी, जब क्षेत्र की लाइट बंद पड़ी थी, जिससे चोरों की यह कारस्तानी सीसीटीवी में कैद नहीं हो पाई। पीड़ित दुकानदार की सूचना पर सोमवार सुबह मौके पर सीओ शिवम जोशी और क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस पहुंच गई और एफएसएल टीम से घटनास्थल से साक्ष्य उठवाए। पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।


'सोना की खान' के नाम से संचालित सोने-चांदी के जेवरात दुकान के शोरूम पर वारदात के बाद एफएसएल टीम व पुलिस ने जांच की।।

- 'सोना की खान' के नाम से संचालित जेवरात दुकान के शोरूम पर चोरों ने धावा बोला

पीड़ित दुकान मालिक भागचंद चौधरी ने बताया कि वैशाली नगर स्थित पुरानी चौपाटी देवनारायण मंदिर के सामने उनकी सोने की खान के नाम से ज्वैलरी की दुकान है, करीब 4 महीने पहले ही भाई राकेश चौधरी के साथ इस दुकान की शुरुआत की थी। रविवार रात 9.30 बजे के करीब वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। पड़ोसी दुकानदार 12.24 पर दुकान बंद कर निकला था। सोमवार सुबह 10.30 बजे जब वह दुकान पर पहुंचे तो ताले टूटे हुए मिले, इसकी तुरंत सूचना क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस को दी गई। पीड़ित ने बताया कि चोरों के द्वारा दुकान से करीब 50 लाख रुपए की ज्वैलरी चोरी की गई है। इसके साथ ही बैंक में जमा करवाने के लिए रखे 5 लाख कैश भी गल्ले से ले गए। पीड़ित भागचंद चौधरी ने बताया कि चोरों ने कुछ ज्वैलरी छोड़ दी है। इसके साथ ही दूसरी तरफ गल्ले में पड़े 2 लाख नगदी भी छोडक़र चले गए।

पीड़ित भागचंद ने बताया कि उनकी दुकान पर सीसीटीवी भी लगे हुए हैं। आसपास की दुकानों पर भी सीसीटीवी लगे हुए हैं, लेकिन किसी भी सीसीटीवी में वारदात कैद नहीं हुई है। क्षेत्र में 12.30 बजे से लाइट बंद की गई, इसके बाद करीब 1.30 बजे लाइट वापस आई तब सीसीटीवी चालू हुए, संभवत: चोरों ने क्षेत्र की लाइट बंद कर वारदात की है। साथ ही चोरों ने कुछ दूर चाय की दुकान का पोस्टर फाड़कर दुकान के शटर के ऊपर लगी लाइटों पर भी चिपका दिया।

पीड़ित दुकानदार की सूचना पर सीओ शिवम जोशी और क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस सोमवार सुबह मौके पर पहुंची। पुलिस ने एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया और साक्ष्य उठाए। सीओ शिवम जोशी ने बताया कि मामले में तीन अलग-अलग टीमें गठित कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी चेक की जा रहे हैं, जब चोरी हुई उस समय क्षेत्र की लाइट बंद थी, इसके पीछे कारण क्या रहे इसे लेकर जांच की जा रही है।

# पिता की गुहार, बेटे को बलात्कार के मामले में झूठा फंसाया गया

**जोधपुर,** (कासं)। कुड़ी भगतासनी थाने में गत दिनों बलात्कार का मामला दर्ज कराने वाली महिला के खिलाफ आरोपी युवक के पिता ने ब्लैकमेलिंग कर ढाई लाख रुपए ऐंठने और 16 लाख रुपए और देने का दबाव डालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने परस्पर विरोधी मामला दर्ज किया है। गौरतलब है कि बयान दर्ज करवाने के दौरान पीड़िता के अधिवक्ता और तत्कालीन थानाधिकारी हमीरसिंह के बीच तकरार हो गई थी तथा थानाधिकारी ने अधिवक्ता से अभद्रता की थी।

सहायक पुलिस आयुक्त (बोरानाडा) आनंदसिंह राजपुरोहित ने बताया कि एक व्यक्ति ने कोर्ट में पेश इस्तगासे के आधार पर युवती और एक युवक के खिलाफ डराने-धमकाने तथा फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग करने का मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि करीब एक साल पहले परिवादी की जान-पहचान युवती से हुई थी। दोनों में दोस्ती हो गई और वे साथ घूमने-फिरने लगे। बाद में दोनों एक-दूसरे से प्रेम करने लगे। वे ओसियां, माउंट आबू, अहमदाबाद, जसोल और बालोतरा भी साथ गए थे। इस बीच युवती परिवादी

- धमकियों और ब्लैकमेलिंग से पीड़ित परिवार ने आत्महत्या करने की धमकी दी

के पुत्र को आपत्तिजनक फोटो और वीडियो के जरिए ब्लैकमेल करने लगी और उससे रुपए मांगने लगी। दबाव में आकर युवक एक बार घर से जेवर चुराने लगा, जिसे उसके पिता ने पकड़ लिया। पूछताछ करने पर युवक ने युवती की ओर से ब्लैकमेल करने की जानकारी दी। युवती उससे तीन लाख रुपए मांग रही थी। युवक के विनती करने पर पिता ने 50 हजार रुपए दिए थे। इसके बाद परिवादी ने युवक की किसी अन्य युवती से शादी तय कर दी। परिजन शादी की तैयारियों में जुट गए थे। इसी दौरान युवक के मामा के मोबाइल पर एक अनजान व्यक्ति का फोन आया, जिसमें युवती के कुड़ी भगतासनी थाने में बलात्कार का मामला दर्ज कराने की जानकारी दी गई।

परिजन कुड़ी भगतासनी थाने पहुंचे और मामला दर्ज न कराने की विनती की। युवती के भाई ने युवक को गिरफ्तार कराने की धमकी दी। डरे-सहमे परिजनों ने शादी से चार दिन पहले बैंक से दो लाख रुपए निकालकर युवती को दिए, लेकिन वह 16 लाख रुपए लेने पर अड़ गई। परिवादी ने मकान गिरवी रखकर रुपए देने का भरोसा दिलाया। तब दोनों ने शादी के बाद शेष राशि लेने और शादी तक कोई दिक्कत न होने का भरोसा दिया। युवक की शादी के तीसरे दिन युवती के साथी ने फोन कर फिर से ब्लैकमेलिंग शुरू कर दी और गिरफ्तारी कराने की धमकियां देने लगा।

पीड़ित का आरोप है कि युवती के साथी ने युवक के घरवालों पर जल्द राशि देने का दबाव डाला और युवती के बयान दर्ज कराने की धमकी दी। आरोप है कि तीन दिसंबर को एक युवक पीड़ित के मकान पहुंचा और परिजनों को धमकाया कि उसे युवती के वकील ने भेजा है तथा आखिरी चेतावनी दी। दो दिन बाद फिर धमकियां दी जाने लगी। पीड़ित ने बताया कि उसके पुत्र को बलात्कार के मामले में झूठा फंसाया गया है। धमकियों और ब्लैकमेलिंग से परिवार आहत हो चुका है और उसने परिवार सहित आत्महत्या करने की धमकी दी है।

# अवैध वसूली के लिए युवकों से मारपीट

**उदयपुर,** (का.सं.)। शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने बदमाश के खिलाफ अवैध वसूली के लिए पीड़ित के साथ मारपीट कर फरार हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी राजेन्द्रसिंह पुत्र कलयाणसिंह चौहान निवासी चौहानों का खंडेला झल्लारा ने आरोपी डेनीराजसिंह रोकवाला के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीड़ित ने बताया कि 13 दिसंबर को आरोपी द्वारा फोन कर बुलाने पर मैं व भाणेज भूपेन्द्रसिंह दोनों बीएसएनएल रोड़ पर गये थे। इस दोरान वहां मिले आरोपी ने डेढ लाख रूपये अवैध मांग करते हुए दोनों के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। विरोधक कर चिल्लाने पर आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# स्वच्छता, जल और पर्यावरण संरक्षण के पुरोधा के. के. गुप्ता का किया सम्मान

**उदयपुर,** (निसं)। राजस्थान प्रदेश की जनजाति अंचल की निकाय नगर परिषद डूंगरपुर में वर्ष 2015 में सभापति पद ग्रहण करने के पश्चात डूंगरपुर नगर को स्वच्छता पर्यावरण और जल संरक्षण के

- के. के. गुप्ता को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा राजपूताना शिरोमणि सम्मान अवार्ड से सम्मानित किया गया

क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चाओं में लाने वाले बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी और पूरे राजस्थान राज्य में स्वच्छता, जल और पर्यावरण संरक्षण के पुरोधा के रूप में पहचान बनाने वाले के के गुप्ता का उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में बहुमान किया गया है।


राजस्थान प्रदेश में स्वच्छता, जल और पर्यावरण संरक्षण के पुरोधा के. के. गुप्ता का लखनऊ उत्तरप्रदेश में सम्मान किया गया।

राष्ट्रीय संयोजक रूपेंद्र कुमार सिंह द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा स्थापित 1897 का राष्ट्रीय अधिवेशन उत्तर प्रदेश नाटक अकादमी गोमती नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान राज्य के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र मुख्य अतिथि रहे और उत्तर प्रदेश सरकार में परिवहन विभाग मंत्री दयाशंकर सिंह अति विशिष्ट अतिथि रहे जिन्होंने गुप्ता को राजपूताना शिरोमणि सम्मान अवार्ड से सम्मानित किया।

**गुप्ता की ऐतिहासिक उपलब्धियों और अनुकरणीय कार्यो की बदौलत हुआ है बहुमान जो इस प्रकार है:-** समन्वयक: स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) राजस्थान सरकार (2024) न्यायमित्र: झुंझुनू, नवलगढ़, मण्डावा, बांसवाड़ा निकाय (2022, 2024,2025) (माननीय न्यायालय द्वारा नियुक्त) पूर्व सदस्य: एन.एस.एस.सी., स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण भारत सरकार (2022) पूर्व ब्राण्ड एम्बेसडर: स्वच्छता राजस्थान सरकार (2017 2020) पूर्व सभापति नगर परिषद, डूंगरपुर (राजस्थान) (2015-2020) अध्यक्ष चैम्बर ऑफ कॉमर्स (2010 से लगातार) चार हजार व्यापारियों का संगठन, प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय प.रा. अग्रवाल समाज (2010 से लगातार), अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन कार्यवाहक अध्यक्ष राजस्थान प्रदेश, वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छता हेतु सम्मान प्राप्त किया, वर्ष 2022 देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा स्वच्छता कार्य हेतु सम्मान प्राप्त किया, वर्ष 2018 में उप राष्ट्रपति द्वारा स्वच्छता हेतु सम्मान प्राप्त किया, वर्ष 2018 में बिल गेट्स एंड मिलिंडा संस्था द्वारा सम्मान प्राप्त किया, वर्ष 2019 में प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा स्वच्छता हेतु सम्मान प्राप्त किया, वर्ष 2016 में प्रदेश की पहली खुल्ले में शौच मुक्त निकाय तथा 5 करोड का ईनाम प्राप्त, वर्ष 2019 में नीदरलैण्ड सरकार द्वारा पहला अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान हासिल किया है।

# 50 यात्रियों से भरी बस सड़क किनारे पलटी, तीन दर्जन यात्री घायल

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र में भीलवाड़ा-करेड़ा मार्ग पर सोमवार को यात्रियों से भरी एक निजी बस तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। हादसे में तीन दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को मांडल और मुख्यालय स्थित एमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- तीन की हालत गंभीर, सभी घायलों को मांडल और मुख्यालय स्थित एमजी अस्पताल में भर्ती कराया


हादसे की जानकारी मिलने पर शहर विधायक अशोक कोठारी और पीएमओ डॉ. अरुण गौड़ एमजी हॉस्पिटल पहुंचे और घायलों की कुशलक्षेम पूछी।

दुर्घटना के कारणों को लेकर दो अलग-अलग जानकारियां सामने आई हैं। पहली जानकारी के अनुसार, बस चालक ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था और हरिपुरा चौराहे के पास मोड़ पर अचानक नियंत्रण खो बैठा, जिससे बस पलट गई। दूसरी जानकारी यह भी बताया जा रहा है कि निजी बस एसोसिएशन की पेनल्टी से बचने के प्रयास में बस को तेज गति से चलाया जा रहा था, जिससे यह हादसा हुआ। हादसे के समय बस में 50 से ज्यादा यात्री सफर कर रहे थे। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बस सड़क किनारे पलट गई, जिससे कई यात्री अंदर फंस गए।

चीख पुकार सुन कर आसपास के लोग मौके की और दौड़े और बस में फंसे यात्रियों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकल कर 108 एम्बुलेंस के जरिए मांडल और जिला मुख्यालय स्थित एमजी अस्पताल के लिए रवाना किया। शहर विधायक अशोक कोठारी और पीएमओ डॉ. अरुण गौड़ एमजी हॉस्पिटल पहुंचे और घायलों की कुशलक्षेम पूछने के साथ ही ईलाज को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

# ग्राम पंचायत पर फर्जी पट्टे जारी करने का आरोप, धरना शुरू



अचरोल ग्राम में गौ सेवकों एवं ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया।

**मानपुरा माचेड़ी,** (निसं)। सोमवार को अचरोल ग्राम में गौ सेवकों एवं ग्रामीणों ने तांबी मार्केट स्थित सब्जी मंडी से पंचायत परिक्षेत्र तक रैली निकाल कर पंचायत का घेराव किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत पर फर्जी पट्टे जारी करने का आरोप लगाते हुए जारी किए गए कथित फर्जी पट्टों को निरस्त करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक फर्जी पट्टे निरस्त नहीं किए जाते, तब तक धरना स्थल से नहीं हटेंगे। साथ ही उन्होंने सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारी को पद से निरस्त करने की भी मांग की। धरना

- अचरोल ग्राम में गौ सेवकों व ग्रामीणों ने रैली निकाली, सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारी को पद से निरस्त करने की भी मांग की

प्रदर्शन में अनिल कटारिया, रविंद्र सैनी, अमित यादव, जेपी यादव, भीवा राम यादव, अजय सिंगाडिया, निर्मल यादव उमेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# ट्रक से 45 लाख की शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**पाली,** (निसं)। पाली जिले में एक बड़ी कार्रवाई में ट्रक की जांच में 498 पेटी शराब बरामद कर अभियोग दर्ज किया गया।

पाली के सोजत में रविवार को

- गुप्त चेम्बर में 498 पेटियां विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब जब्त की गई

आबकारी निरोधक की कार्रवाई में एक ट्रक की जांच करने पर उसमें पेपर रोल के नीचे बनाये हुए गुप्त चेम्बर में 498 पेटियां विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब फोर सेल इन पंजाब जब्त की गई। शराब की अनुमानित कीमत 45 लाख रूपए है, मौके से 2 अभियुक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार अभियोग दर्ज किया गया। वहीं दौसा में आबकारी निरोधक दल की कार्रवाई में 300 लीटर वॉश नष्ट किया गया। धौलपुर में नेशनल हाईवे 123 पर वाहनों की सघन जांच की गई। अलवर में शीतल टोल पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की गई। इसी प्रकार प्रदेश के अन्य जिलों में भी निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, दबिश व सघन गश्त की जा रही है।

# जैसलमेर में कोहरे के कारण स्कूल बस और बोलेरो कैम्पर में भिड़ंत

**जैसलमेर,** (निसं)। जैसलमेर जिले में सोमवार सुबह घने कोहरे के कारण स्कूल बस और बोलेरो कैम्पर में टक्कर हो गई। हादसा सुबह सदर थाना इलाके के जोधा गांव के पास तालाब के पास हुआ। इस हादसे में एसएम स्कूल के तीन बच्चों समेत 12 लोग घायल हो गए। टक्कर के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से घायल हुए 5 लोगों को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए तुरंत जोधपुर रेफर किया गया है।

हादसे की जानकारी पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे के कारणों की पड़ताल शुरू की। बोलेरो सवार शादी समारोह से लौट रहे थे वहीं स्कूल बस स्कूल जा रही थी, उसी दौरान

- हादसे में एसएम स्कूल के तीन बच्चों समेत 12 लोग घायल हो गए
- बोलेरो सवार शादी समारोह से लौट रहे थे, वहीं स्कूल बस स्कूल जा रही थी

घने कोहरे के कारण आपस में भिड़ंत हो गई।

सदर थाना प्रभारी प्रेमदान रतनू, के अनुसार, यह हादसा सोमवार सुबह के समय उस वक्त हुआ जब पूरे क्षेत्र में घना कोहरा छाया हुआ था और दृश्यता बेहद कम थी। बोलेरो कैम्पर, जो जोधा गांव से खुहड़ी गांव की ओर जा रही थी। बोलेरो में सवार लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे। वहीं सामने से आ रही एसएम पब्लिक स्कूल की बस से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे के तुरंत बाद, मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने घायलों को निजी गाड़ियों की मदद से तुरंत जैसलमेर स्थित जवाहिर हॉस्पिटल पहुंचाया। जवाहिर हॉस्पिटल पहुंचते ही डॉक्टरों की टीम ने घायलों का इलाज शुरू कर दिया। घायलों में से 5 की हालत गंभीर देखते हुए, उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज लिए जोधपुर रेफर कर दिया गया। गनीमत यह रही कि समय पर हॉस्पिटल पहुंचने से सभी घायलों की जान बचाई जा सकी। हादसे में घायल हुए लोगों में बोलेरो कैम्पर में सवार दुर्गा कंवर (50) निवासी खुहड़ी, 6 वर्षीय पूनम, भवानी कंवर (23), 10 वर्षीय सांग सिंह, 12 वर्षीय मालम कंवर, बिशन सिंह (20), 7 वर्षीय दक्षा, 12 वर्षीय अरुणा और चंदू कंवर (19) शामिल हैं। इसके अलावा, स्कूल बस में सवार तीन स्कूली बच्चे 15 वर्षीय यशपाल सिंह, 10 वर्षीय उपेंद्र सिंह और 13 वर्षीय ज्ञानवर्धन सिंह भी हादसे में घायल हुए हैं।

# मंदिर माफी की 36 बीघा जमीन को लेकर झगड़ा, तीन गिरफ्तार

**चिड़ावा,** (निसं)। जिले में लगातार जमीनों को लेकर झगड़े सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में झुंझुनूं के चिड़ावा थाना क्षेत्र के गुगोजी की ढाणी में मंदिर माफी की करीब 36 बीघा जमीन को लेकर आधी रात को दो बजे आधे घंटे जमकर तोड़फोड़ हुई। इस मामले में पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया है और भाड़े पर आकर तोड़फोड़ मचाने वाले तीन बंजारा जाति के युवकों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को भी निरूद्ध किया गया है। मामला शनिवार देर रात करीब दो बजे गुगोजी की ढाणी का है, जहां जमीन विवाद के चलते बड़ी संख्या में गाड़ियों में सवार होकर आए बदमाशों ने एक मकान पर हमला कर दिया।

जानकारी के अनुसार बदमाश जेसीबी, ट्रैक्टर और पिकअप वाहनों में सवार होकर मौके पर पहुंचे और करीब आधे घंटे में मकान को पूरी तरह जमींदोज कर दिया। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि हमलावर जाते समय सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और घरेलू सामान भी अपने साथ ले गए। चिड़ावा थानाधिकारी आसाराम ने बताया कि पीड़ित मूलचंद सैनी की ओर से थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि आरोपी उसकी जमीन पर कब्जा करने की नीयत से सुनियोजित तरीके से रात में आए और तोड़फोड़ की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत विशेष टीम का गठन किया। विशेष टीम की कार्रवाई में पुलिस ने सूरजगढ़ निवासी पुनाराम बंजारा, बगड़ निवासी विजय बंजारा और हरियाणा के तेजपुर निवासी अजय बंजारा को गिरफ्तार किया है।

# जोधपुर में न्यू सब्जी मंडी में सब्जी विक्रेता पर हमला

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के भदवासिया स्थित न्यू सब्जी मंडी में रविवार की सुबह एक सब्जी विक्रेता पर जानलेवा हमला करने वाले दूसरे दिन सोमवार को भी पुलिस की पकड़ में नहीं आए। सब्जी विक्रेता को मंडी परिसर में दौड़ा-दौड़ा कर लगिया और लोहे के पाइपों से हमला किया गया। हमले का कारण पता नहीं चला है। घटना को लेकर घायल के भाई की तरफ से महामंदिर थाने में हत्या प्रयास की रिपोर्ट दी गई है। हमलावरों की तलाश जारी है। इधर घटना से क्षुब्ध व्यापारियों ने सोमवार सुबह मंडी खुलने के साथ ही विरोध प्रदर्शन कर अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। यहां पर एक कियोस्क के बाहर लगे अवैध टीन शेड को हटाया गया। बताया जाता है कि टीन शेड के नीचे असामाजिक तत्वों का भी जमावड़ा रहता था। मंडी परिसर में व्यापारियों के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए वहां आरएसी को भी बुलाया गया। घटना को लेकर सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुए हैं। घायल के भाई न्यू सब्जी मंडी भदवासिया निवासी ताराचंद पुत्र भंवरलाल माली ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि उसका भाई त्रिलोक चंद रविवार की सुबह साढ़े 11 बजे में मंडी में सब्जी बेच रहा था। तब थबूकड़ा निवासी अशोक चौधरी और आरटीओ के पास रहने वाला प्रकाश फौजी अपने साथियों को लेकर आया। जान से मारने की नीयत से त्रिलोक पर लोहे के लगिया, सरिया, पाइप से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर में चोट आई। रिपोर्ट के अनुसार बुरी तरह की गई, मारपीट में त्रिलोक का एक पैर फ्रेक्चर होने के साथ सिर पर भी गहरी चोट लगी। त्रिलोक चंद ने बचने का प्रयास किया तो उसे आरोपियों ने भागते हुए घेरा और फिर ताबड़तोड़ हमला किया।